
पागलपन | 6 घंटे की मेहनत के बाद उतारा गया

# शादी नहीं होने के कारण टावर पर चढ़ा युवक





**तेंदूखेड़ा नवभारत 7 मई। समीपस्थ ग्राम खमरिया कला के नन्नी देवरी ग्राम में गुरुवार को सुबह 9 बजे के लगभग एक सिरफिरा युवक बिज्जू आदिवासी 765 केवी बिजली लाइन के टावर पर चढ़ गया. बिज्जू को टॉवर पर देख गांव में हड़कम्प मच गया, देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई.** ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे विद्युत मंडल, पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों द्वारा युवक को नीचे उतरने के लिए कहा जा रहा था, लेकिन उसने किसी की बात नहीं मानी. जरुरी उपकरण नहीं होने के चलते जबलपुर से रेस्क्यू टीम बुलाई गई. अंतत: 5 घंटे की मशक्कत के बाद जबलपुर से आई टीम के सहयोग से एसडीएम सीजी गोस्वामी, एसडीओपी अर्चना अहीर, टीआई राघवेंद्र बागरी के निर्देशन में टावर से उतारा गया, तब नन्नी देवरी ग्राम के लोगों ने राहत की सांस ली।

### बिज्जू मानसिक रूप से बीमार है

इस दौरान 765 केवी लाइन बंद रही. सूत्रों की माने तो तेंदूखेड़ा के खमरिया कला निवासी बिज्जू आदिवासी उम्र 25 वर्ष मानसिक रुप से कमजोर है. स्थानीय लोगों के अनुसार, बिज्जु इससे पहले भी दो-तीन बार बिजली टावरों पर चढ़ चुका है.

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस द्वारा की गई कुल 48 नाबालिग बालिकाओं व बालकों की दस्तयाबी

**नवभारत, न्यूज दमोह.** पुलिस मुख्यालय, भोपाल के आदेशानुसार जिले में श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक जिला दमोह व सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के निर्देशन में तथा देवी सिंह ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा, जिला दमोह के सहयोग से पुलिस द्वारा जिले में ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया गया. 1 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक ऑपरेशन मुस्कान के तहत सतत प्रयासों से अलग-अलग राज्यों से कुल 45 नाबालिक बालिका व 3 नाबालिक बालकों की दस्तयाबी की गई. जिसमें महाराष्ट्र से 02, राजस्थान से 03, दिल्ली से 06, हरियाणा से 01, उत्तर प्रदेश से 03, उड़ीसा से 01, कर्नाटक से 01, छत्तीसगढ से एक व मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलो से 11 तथा जिला दमोह से 19 बालक-बालिका दस्तयाब हुये. दस्तयाबी को सफल बनाने में समस्त अनुविभागीय अधिकारी रहें.

# जिले के सभी पेंशनर संघों के संयुक्त मोर्चा की बैठक



**दमोह।** मप्र पेंशनर्स समाज कार्यालय में सम्पन्न हुई.बैठक में संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष स्वामी अशोक तिवारी अध्यक्ष प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा जिला के सभी पेंशनर्स संघों का उनके प्रति विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार ज्ञापन करते हुए अनुरोध किया कि आप सभी का साथ ही मेरी अर्थात संयुक्त मोर्चा की ताकत है.श्री तिवारी द्वारा संयुक्त पेंशनर्स मोर्चा की कार्यकारिणी गठन हेतु सभी संघो से दो दो नाम प्राप्त किए गए.

बैठक में सभी पेंशनर संघों ने कार्यालय प्रमुखों,पेंशन कार्यालय द्वारा पेंशनरों की समस्याओं के प्रति उपेक्षा के लिए आक्रोश व्यक्त किया गया.बैठक उपरांत सभी संघों के प्रतिनिधियों द्वारा कलेक्ट्रेट जाके दमोह जिला के नवागत कलेक्टर श्री यादव से भेट का उनका स्वागत कर पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण हेतु पेंशनर्स संघों की शीघ्र बैठक बुलाने का अनुरोध किया. कलेक्टर द्वारा शीघ्र पेंशनर संघों की बैठक बुलाने का आश्वासन दिया गया. सभी पेंशनर संघों ने नवागत कलेक्टर का इसके लिए आभार व्यक्त किया. बैठक व स्वागत हेतु स्वामी अशोक तिवारी अध्यक्ष संयुक्त पेंशनर्स मोर्चा व अध्यक्ष प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन जगदीश चौबे प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष व अध्यक्ष प्रोग्रेसिव पेंशनर्स ऐसोसिएशन, प्रताप रोहित, अजाक्स पेंशनर्स प्रकोष्ठ प्रांतीय सदस्य, सत्यनारायण पांडे प्रगतिशील पेंशनर एसोसिएशन, के सी जैन पेंशनर्स समाज व विद्युत मंडल पेंशनर्स संघ,राज किशोर सेन संरक्षक पुलिस पेंशनर संघ, धन सिंह राजपूत अध्यक्ष पुलिस पेंशनर्स संघ,आर के मिश्रा अध्यक्ष पेंशनर्स समाज, एम एल सरैया कार्यवाहक अध्यक्ष पेंशनर्स समाज,पी एन अहिरवार कोषाध्यक्ष पेंशनर्स समाज,ललित चौबे,महामंत्री पेंशनर्स समाज, रमाकांत पाठक,महामंत्री प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन,द्वारिका सेन अध्यक्ष नगरपालिका पेंशनर्स संघ,नरेंद्र सेन प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन, जगदीश यादव नगरपालिका दमोह, अभय भट्ट आदि उपस्थित रहे.



## सिंग्रामपुर मण्डल में किया गया मासिक बैठक का आयोजन

**सिंग्रामपुर/दमोह.** जबेरा विधानसभा के सिंग्रामपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों को सक्रिय करने पर विस्तार से चर्चा की गई.कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया. साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और आगामी अभियानों को सफल बनाने पर जोर दिया गया. बैठक में प्रमुख रूप से पालक सतेंद्र सिंह लोधी, मंडल प्रभारी प्रिंस जैन, मंडल अध्यक्ष मंदीप यादव, खड्ग सिंह शिक्षक, मुलायम चंद जैन, अजय राय, संतोष अवस्थी, लकी, अजय सोनकर, जय सिंह कड़ोपा, मुकेश पटेल , कल्याण चौधरी, महेंद्र यादव व दिनेश साहू सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# जवेरा महाविद्यालय में गूंजा 'मानवता' का मंत्र

### रेडक्रॉस सप्ताह के तहत नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित




**जबेरा/दमोह.** शासकीय महाविद्यालय जवेरा में विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष सेवा सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार 7 मई को विशाल नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया.शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा छात्र-छात्राओं व स्टाफ के स्वास्थ्य और नेत्रों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया.इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा के निर्देशानुसार इस वर्ष कार्यक्रम मानवता के लिए एकजुट थीम पर आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य मोहित कुमार पांडेय एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया.इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता और सेवा भावना को बढ़ावा देना भी है, जो रेडक्रॉस की मूल भावना है.चित्रकूट नेत्र जांच केंद्र के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र कुशवाहा व उनकी टीम ने विद्यार्थियों और स्टाफ की आंखों की विस्तृत जांच की.साथ ही बढ़ते मोबाइल और लैपटॉप उपयोग से आंखों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों व बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई.शिविर में जरूरतमंद विद्यार्थियों को उपचार संबंधी सलाह व संतुलित खान-पान के बारे में जानकारी दी गई. यूथ रेडक्रॉस वॉलंटियर्स ने पोस्टर एवं नारों के माध्यम से स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया.

# फुटेरा वार्ड में महिलाओं को बताए अधिकार और सुरक्षा के उपाय

### मानव अधिकार आयोग के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**दमोह.** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग व महिला थाना दमोह के मार्गदर्शन में शक्ति फाउंडेशन व समग्र कल्याण समिति द्वारा नगर पालिका क्षेत्र के फुटेरा वार्ड क्रमांक-02 में महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी, सामाजिक व संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्गा विश्वकर्मा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना बेहद आवश्यक है. उन्होंने घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (पॉश एक्ट), शिक्षा व संपत्ति अधिकार सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी. साथ ही महिलाओं को 112, 1090 और 181 हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग व महत्व से अवगत कराया गया.उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति जैसे अभियान महिलाओं को आत्मनिर्भर व आत्मरक्षा के लिए प्रेरित कर रहे हैं.कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याण योजनाओं और अभियानों की जानकारी भी साझा की गई.इस अवसर पर केसर सूर्यवंशी, दुर्गा विश्वकर्मा, आकाश पटेल, प्रीति, निधि, रोशनी, रजनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं.

# हाई रिस्क में 140 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई



**दमोह.** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा तथा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार आठ्या व डीटीओ डॉक्टर गौरव जैन के मार्गदर्शन में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एआई टेक्नोलॉजी से लैस हैंडल होल्ड एक्स-रे मशीन से स्क्रीनिंग की गई. 100 दिवसीय टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ब्लॉक दमोह के रूहथना के ग्राम बरमासा व सिहोरा पड़रिया में दमोह टी बी यूनिट की ओर से उच्च जोखिम ग्राम ( ।।क्ष्र्क-हाई रिस्क विलेज) में एक विशेष एक्स-रे स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्देश्य टी बी की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है.शिविर के दौरान कुल 140 लोगों के चेस्ट एक्स- रे स्क्रीनिंग की गई व जिससे दूरस्थ क्षेत्र में भी सुविधाजनक तरीके से जांच संभव हो सके, डीपीसी दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में हेड क्वार्टर स्क्रूस चेतन अग्रवाल, रेडियोग्राफर सहायक मानक लाल रैकवार, स्पूटम कलेक्शन एजेंट वैभव राज, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर कमला पटेल, एएनएम भारती तिवारी, आशा सुपरवाइजर चंद्रावती गुप्ता, आशा कार्यकर्ता सीता रानी परिहार सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे. सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस तरह के शिविर से तपेदिक जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान कर उन्हें नियंत्रित करने में मदद मिलती है.

# नई शिक्षा नीति से बदलेगा शिक्षा का स्वरूप : रंजीता गौरव



**नवभारत दमोह.** मप्र के दमोह जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के डीपीसी कार्यालय सभा कक्ष में विजयवर्धन संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नवीन शिक्षण पद्धति 2020 आधारित कार्यशाला का द्वितीय दिवस गुरुवार को उत्साह व गंभीर शैक्षणिक विमर्श के साथ सम्पन्न हुआ. कार्यशाला में जिलेभर से आए जन शिक्षक, बीआरसी व शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों ने सहभागिता की.पूरे आयोजन में नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों, क्षेत्रीय भाषाओं के महत्व, कौशल विकास, स्वावलंबन और भारतीय शिक्षा परंपरा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल ने दीप प्रज्वलन कर सत्र का शुभारंभ किया. उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि भारत सरकार व मध्यप्रदेश सरकार की मंशा स्पष्ट है कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहे, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और संस्कारित नागरिक बनाने का माध्यम बने.

# गुंजी में तालाब पर श्रमदान व जल चौपाल का आयोजन




**नवभारत दमोह.** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवेर्ध अभियान के तहत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम का आयोजन 28 मार्च से 04 जून तक किया जा रहा है.इसी क्रम में ग्रामपंचायत गुंजी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक वंदना जैन की उपस्थिति में ग्रामविकास प्रस्फुटन समिति गुंजी के द्वारा नवांकुर संस्था मिशन जन जागृति युवा मंडल के सहयोग से तालाब पर श्रमदान एवं जल चौपाल का आयोजन किया गया. जिसमें तालाब के किनारे ग्रामवासियों द्वारा स्वच्छता श्रमदान किया गया.कार्यक्रम वंदना जैन, रामकुमार तिवारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गुंजी के अध्यक्ष तुलसीराम तिवारी के साथ निर्देश अवस्थी,मणिशंकर तिवारी, महेन्द्र शर्मा, प्रमेन्द्र मिश्रा,पवन तिवारी,गोलू पाण्डेय आनंद शर्मा,गोवर्धन रैकवार,देवी रजक के साथ बड़ी संख्या में युवा रहें.

## एक नजर में



### जबेरा तहसील कार्यालय में शशि राय का सेवानिवृत्ति विदाई समारोह आयोजित

**जबेरा/दमोह.** तहसील कार्यालय जबेरा में पदस्थ श्रीमति शशि राय के सेवानिवृत्ति अवसर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया .कार्यक्रम तहसील कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी .समारोह में एसडीएम सीजी गिरी, तहसीलदार सोनम पांडे व नायब तहसीलदार राजेश साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे .अधिकारियों व स्टाफ ने श्रीमती शशि राय के कार्यों, अनुशासन व सेवाभाव की प्रशंसा करते हुए उनके उज्वल भविष्य व स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं .



### जबेरा में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**जबेरा/दमोह .** खेल युवा कल्याण विभाग तथा जिला खेल अधिकारी सैफुल्लाह खान के निर्देशानुसार जबेरा नगर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया . शिविर का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जबेरा के खेल मैदान व रानी अवंती बाई परिसर नोहटा में किया जा रहा है .शिविर में कबड्डी व वॉलीबॉल खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है . कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, रानू नामदेव, एएसआई सुंदरलाल सुमन व वरिष्ठ खिलाड़ी डुममन विश्वकर्मा की उपस्थिति में किया गया .ग्रामीण युवा सम्मेलन की कविता अहिरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को व्यायाम व विभिन्न खेल गतिविधियों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है .शिविर में बच्चों के बीच खेलों को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है .

# 3 साल के मासूम का शव 108 नि :शुल्क शव वाहन से घर भेजा



**नवभारत, दमोह.** जिले में मानवता की मिसाल देखने को मिली, जब एक गरीब परिवार के 3 वर्षीय मासूम का शव 108 निशुल्क शव वाहन से 152 किलोमीटर दूर उसके गांव तक पहुंचाया गया.प्राप्त जानकारी के अनुसार सलेहा, जिला पन्ना निवासी अनुज पिता रूद्र रैकवार, उम्र 3 वर्ष, लंबे समय से बीमार था. परिजन गांव के डॉक्टरों से इलाज कराते रहे.हालत बिगड़ने पर गंभीर अवस्था में उसे दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी रत डॉक्टर चक्रेश चौधरी और डॉक्टर जावेद खान ने इलाज शुरू किया. इलाज के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया.बच्चे की मौत से परिजन गहरे सदमे में थे.गरीब मजदूर परिवार के पास खाने तक के पैसे नहीं थे और उन्हें करीब 152 किलोमीटर दूर सलेहा गांव जाना था.मामले की जानकारी जागरूक युवा को लगते ही तत्काल डॉक्टर प्रहलाद पटेल, डॉक्टर दिवाकर पटेल, ड्यूटी रत डॉक्टर जावेद खान, डॉक्टर चक्रेश चौधरी और 108 डिस्ट्रिक्ट मैनेजर जितेंद्र कुमार को सूचित कर तत्परता दिखाकर नि:शुल्क शव वाहन की व्यवस्था कर पायलट संतोष के द्वारा शव को सुरक्षित गांव तक पहुंचाया गया.

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**नवभारत,दमोह.** सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है .जहां पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है .प्राप्त जानकारी के अनुसार 36 वर्षीय खेमचंद पिता विजय राय, निवासी पटना मानगढ़, थाना नोहटा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल दमोह लाया गया था . जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने जांच और ईसीजी के बाद उसे मृत घोषित कर दिया .सूचना मिलते ही अस्पताल पुलिस ने गुरुवार सुबह शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है .

# मध्यप्रदेश में राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड को मंजूरी

### व्यापार जगत में खुशी की लहर



**दमोह.** मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र शासन की कैबिनेट द्वारा राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन को मंजूरी मिलने पर प्रदेशभर के व्यापारियों में हर्ष का माहौल है.इस निर्णय का स्वागत करते हुए दमोह भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ ने जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, दमोह विधायक व पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया तथा सांसद राहुल सिंह से भेंट कर पुष्पगुच्छ व मिष्ठान भेंट कर आभार व्यक्त किया.जिला संयोजक जुगल अग्रवाल ने बताया कि इस बोर्ड के गठन से व्यापारियों की समस्याओं व सुझावों का निराकरण सरकार के माध्यम से अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगा. साथ ही यह कदम व्यापार नीति को सरल व सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होगा. इस बोर्ड के मुखिया स्वयं मुख्यमंत्री होंगे तथा इसमें विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे.बोर्ड की प्रत्येक तीन माह में एक बैठक अनिवार्य होगी, जिससे वर्ष में चार बार व्यापारिक गतिविधियों व समस्याओं की समीक्षा की जाएगी. इससे व्यापारियों के हितों की रक्षा, सहयोग का वातावरण एवं निवेश को बढ़ावा मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी.भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ ने इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल व प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल को व्यापारियों की आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया.

कार्यवाही | एसी लगे मकानों में सघन चेकिंग शुरू, चोरी के कई प्रकरण मिले

# बिजली चोरी करने में रसूखदार भी पीछे नहीं





**दमोह.** जिले में बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत विभाग ने अब कमर कस ली है. अधीक्षण अभियंता दमोह के निर्देशन में विभाग ने उन इलाकों पर फोकस करना शुरू कर दिया है, जहां बिजली की खपत ज्यादा है लेकिन बिल कम आ रहे हैं. इस सघन चेकिंग अभियान के तहत विशेष रूप से उन रसूखदार और संपन्न लोगों के घरों की जांच की जा रही है, जिनके घरों में एयर कंडीशनर (एसी) लगे हुए हैं व भारी लोड चलाते है.जिसके तहत अधीक्षण अभियंता के निर्देशन में 7 मई 26 को 4 टीमें गठित की गई. जिसमें कार्यपालन अभियंता मोतीलाल साहू के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता राघवेन्द्र इडिपाचे, कनिष्ठ अभियंता पूजा खोब्रागडे शिवानी गुप्ता के साथ लाइन कर्मचारी मनीष दुबे पुरूषोत ?तम मिश्रा आदि लाइन कर्मचारी व आऊटसोर्स कर्मचारीओं की टीम बनाकर अलग अलग स्थानों सिंधी कैम्प , मंडी एरिया तीन गुल्ली चौराहा के पास आदि स्थानों पर जांच कराई गई. सघन जांच के दौरान कई स्थानों पर मीटर में छेड़छाड़, डायरेक्ट केबल डालकर बिजली उपयोग करना व स्वीकृत भार से अधिक उपयोग जैसी अनियमितताएं सामने आई .

### चेकिंग के दौरान विद्युत चोरी के कई प्रकरण दर्ज

बिजली विभाग द्वारा कार्यपालन अभियंता एमएल साहू व उनकी टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर बिजली चोरी की चेकिंग में चौराहा के घरों पर चैकिंग करके विधुत चोरी की कई प्रकरण दर्ज किये गये .

### एसी उपयोगकर्ताओं पर विशेष निगरानी

अधीक्षण अभियंता के निर्देशानुसार ऐसे मकानों की सूची तैयार की गई है,जहां अत्यधिक विद्युत खपत दर्ज हो रही है . इन स्थानों पर मीटर, सर्विस लाइन व लोड की गहन जांच की जा रही है .

### आम उपभोक्ताओं पर पड़ता है असर

अधिकारियों के अनुसार बिजली चोरी के कारण ट्रांसफार्मर ओवरलोड होते हैं, लाइन लॉस बढ़ता है तथा आम उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज व बार-बार बिजली बाधित होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है .

### जनता से सहयोग की अपील

अधीक्षण अभियंता ने नागरिकों से अपील की है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन का ही उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की विधुत चोरी पाए जाने पर चोरी की सूचना विभाग को दें .उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध भविष्य में और अधिक कठोर अभियान चलेगा .




## रेल्वे स्टेशन के बाहर मिला युवक का शव

**नवभारत,दमोह .** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेल्वे स्टेशन के बाहर गुरूवार शाम एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई.प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान आशीष पिता काशीराम विश्वकर्मा, उम्र 35 वर्ष, निवासी पौंड़ी, थाना बक्सवाहा छतरपुर के रूप में हुई है .सूचना मिलते ही एएसआई रघुराज सिंह, आरक्षक कमल व आरक्षक गनपत मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भिजवाया .पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है . मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा . पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और परिजनों को सूचना दे दी गई है .